वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 31 अक्टूबर 2021

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

त्रिपुरा में अभाविप के कार्यकर्ता पर जिहादी गैंग द्वारा जानलेवा हमले का देशव्यापी विरोध

त्रिपुरा के कैलाशहर में शुक्रवार (29 अक्टूबर) को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यता अभियान में लगे निहत्थे कार्यकर्ताओं पर जिहादी उन्मादियों द्वारा जानलेवा हमले का अभाविप देशव्यापी, तीव्र विरोध करती है तथा हमले में संलिप्त सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की मांग करती है

कैलाशहर के R.K.I स्कूल, त्रिपुरा में, सदस्यता अभियान के दौरान अभाविप के कैलाशहर नगर-शाखा मंत्री श्री सिबाजी सेनगुप्ता पर जिहादी मानसिकता से ग्रस्त लोगों द्वारा चाकू घोपकर जानलेवा हमला किया गया। देश भर का छात्र समुदाय इस जिहादी हिंसा से आक्रोशित तथा इस हमले की घोर भर्त्सना करता है तथा घटना में दोषी मोहम्मद नज़मुल इस्लाम सहित सभी दोषियों को शीघ्रातिशीघ्र गिरफ़्तार कर कड़ी सज़ा देने की मांग करती है।

अभाविप देशभर में छात्र एवं राष्ट्र हितों के लिए समय-समय पर आवाज़ बुलंद करती रहती है तथा इस बात से परेशान रहने वाले देशविरोधी तत्व, पूरी लगन से देशसेवा में लगे कार्यकर्ताओं को डराने के लिए ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम देते रहते हैं। घटना के विरोध में शनिवार को अगरतला के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों ने एक विशाल रैली भी निकाली। परन्तु अभी तक भी दोषियों का नहीं पकड़ा जाना जिहादी तंत्र के गहरी जड़ों की ओर संकेत करता है। स्थानीय प्रशासन जिहादी तंत्र को तोड़ने की शीघ्र कार्रवाई करे इस प्रकार की मांग करती है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी जी ने कहा "त्रिपुरा में हुई घटना से हम सभी स्तब्ध हैं। इस प्रकार के हमलों से हमको डराने वाले प्रयास कभी सफल नहीं हो सकेंगे। ऐसी घटनाएं हमें हमारे राष्ट्र पुनर्निर्माण के ध्येय की ओर और अधिक दृण-संकल्पित बनाती हैं। यदि विरोधी ऐसा समझते हैं कि हमे मारकर, डरा-धमकाकर वे हमें पथ-भ्रमित कर देंगे, तो यह उनकी ग़लतफ़हमी है। अभाविप का प्रत्येक कार्यकर्ता एक परिवार की तरह घायल कार्यकर्ता के साथ खड़ा है तथा ऐसे देशद्रोही मानसिकता के लोगों के विरुद्ध सदैव खड़े रहने के लिए प्रतिबद्ध है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री सुमित पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)